
# फल्ली की फसल नहीं, किसानों के एक करोड़ डूबे

## जल स्तर बढ़ने से मंगलवार को भीमगढ़ डेम के दो गेट खोले

**छपारा, देशबन्धु।** एशीया के सबसे बड़े मिट्टी के डेम से प्रभावित किसानों की लगभग एक करोड़ रुपए की फल्ली की फसल पानी में डूब गई। जिसमें कई गांवों के किसान शामिल हैं। गोहना, सिमरिया, परासिया, खुर्सीपार, पिंडरई, मालनवाड़ा ताखला, मोहली, सुआखेड़ा, गराघाट, सरडिंया, शाहपुरा खिरखिरी, साली वाड़ा, अकलमां सदक, सिवनी, देवरी, छपारा भीमगढ़, खेरी टोला, तिन्सा, झिलमिली, रणधीर नगर लगभग 500 परिवार डूब क्षेत्र की भूमि पर फसल लगाकर उससे अपना ओर अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं।

इन 500 किसानों के परिवार पर जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया हमारे संवाददाता ने किसानों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी उन्होंने बताया 17 मई से 19 जून तक हमारी बिजली काट दी गई थी जिसके कारण फल्ली की फसल लेट हो गई और अधिक बरसात से भीमगढ डेम के पानी से हमारी फसल लगभग एक करोड रुपए की पानी में डूब गई हम अपनी पीड़ा किसको बताएं।

गर्मियों के मौसम में डूब से प्रभावित किसान अपनी भूमि में काश्तकारी करते है इस फसल से वह अपने परिवार और अपना जीवन यापन करता है इस बार गर्मियों में पेयजल की समस्या बनी जिसके चलते प्रभावित किसानों की लाइन काटना पड़ा क्योंकि वह बेनगंगा नदी से पानी लेकर अपने खेतों में सिंचाई करते थे पानी के अभाव के कारण किसने की फसल लेट आई और अचानक बरसात का पानी आ गया जिससे पकी पकाई फसल पानी में डूब गई।



किसानों ने विद्युत चालू करवाने के लिए चका जाम तक किया विधायक के पास पहुंचे सांसद के पास पहुंचे लेकिन उन्हें आश्वासन के साथ खाली हाथ लौटना पड़ा।

किसानों ने बताया गर्मियों के समय डेंम का पानी बालाघाट नहीं पहुंचते तो पेयजल का संकट नहीं होता परंतु सांसद के एक फोन से विभागीय अधिकारियों ने गर्मियों के समय डैम का पानी बालाघाट के लिए छोड़ दिया जिससे जल संकट बना। जल संकट होने से किसनो की लाईन काटनी पड़ी मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी केवलारी के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा अधिकारी को दूरभाष पर किसानों को बिजली देने को बोला गया पर भी किसानों को बिजली नहीं मिली केवलारी के वर्तमान विधायक रजनीश सिंह ने किसानों से बोला कि मेरी सरकार नहीं है।

तब किसानों ने चक्का जाम किया आश्वासन मिला पर बिजली नहीं मिली । 17 मई से किसानों की कटी बिजली सप्लाई 19 जून को दी गई 1 महीने के बाद जब बरसात का पानी आया तब विद्युत सप्लाई चालू की गई इस एक महीना विद्युत बंद रहने के कारण फल्ली की फसल लेट हो गई । और डैम के पानी ने पक्की पकाई फसल डुबो दिया अब हमारे सामने जीवन यापन का संकट है। आने वाले समय में इसका परिणाम दिखेगा ।



## बारिश के चलते रहवासी क्षेत्र में पहुंच रहे जहरकीले जीव जंतु, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 10 में एक जहरीले जीव गोह को देखते ही मोहल्ले में हलचल मच गई वही मौके पर सर्पमित्र सिकंदर खान को बुलाया गया ।

जिसने जहरीले जीव का रेस्क्यू कर पकड़ा। वही सर्पमित्र सिकंदर ने बताया कि यह जंगली जीव है यह लोगों को नुकसान भी पहुंचा सकता है परंतु इन्हें देखकर डरें नहीं और न ही उन्हें कोई नुक्सान पहुंचाएं बल्कि वनविभाग अथवा किसी विशेषज्ञ को सूचित करें ।

जिससे कि इनका रेस्क्यू कर इन्हें सही सलामत रहवासी क्षेत्र से दूर जंगल की ओर छोड़ दिया जाए तो जीव-जंतुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेंगी।

## सार-समाचार

### कलाम मंसूरी सपत्नीक हज यात्रा से सकुशल लौटे, हुआ अभिनन्दन

**चौरई,देशबन्धु ।** नगर के पूर्व पार्षद एवम समाज सेवी भाजपा नेता जनाब हाजी कलाम मंसूरी उनकी पत्नी नाजमीन मंसूरी जी मक्का मदीना की पवित्र हज यात्रा पुरी कर मक्का-मदीना से वापस हुए, इस शुभ अवसर पर चौरई नगर और



आसपास के क्षेत्र की मुस्लिम समुदाय के लोगों में खुशी का माहौल रहा, परिवार और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नागपुर एयरपोर्ट पर हाजियों का स्वागत इस्तकबाल किया और चौरई नगर में सभी लोगों की तरफ से मुस्लिम भाइयों रिश्तेदारों दोस्तों सर्व समाजियों के द्वारा जगह-जगह पर हाजियों का स्वागत और हज की मुबारकबाद दी गई , शुक्रवार के दिन बाद जुम्मा की नमाज के बाद मुस्लिम कमेटी द्वारा हाजी जनाब कलाम मंसूरी जी का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया, साथ ही हाजी मंसूरी साहब की तरफ से पवित्र मक्का जमजम का पानी और मदीना खजूर का वितरण किया गया, और चौरई नगर में भाई-चारे की मिसाल, अमन शांति खुशियों की दुआएं की गई , इस अवसर पर नगर में हाजियों के आगमन पर खुशी का माहौल बना हुआ है।

### ड्रीमलैंड सिटी पार्ट ए के भूखंडों के क्रय-विक्रय पर रोक

**सिवनी, देशबन्धु ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी ने ड्रीमलैंड सिटी पार्ट ए के भूमि खसरा नंबर 18/1, 20/1, 20/2, 21/1, 21/2, 21/3 कुल रकबा 11.021 हेक्टेयर के समस्त भूखण्डों के क्रय-विक्रय को आगामी आदेश तक रोके जाने के आदेश जारी किए हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी जिला सिवनी द्वारा ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर को कालोनी हस्तांतरण आदेश को निरस्त करने के परिपालन में उक्त आदेश जारी किए गए हैं।

### प्रकाश अग्रवाल का निधन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के मुख्य बाजार निवासी फर्म सोनीलाल फकीरचंद किराना व्यवसाय करने वाले प्रकाश चंद्र



अग्रवाल का विगत सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात्रि में 68 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया।आप सहज, सरल और मिलनसारिता के धनी थे।आपके निधन के समाचार से नगर में शोक व्याप्त हो गया। स्व.प्रकाशचंद अग्रवाल की अंतिम यात्रा उनके निज निवास मुख्य बाजार से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई।जहां पर आपका अंतिम संस्कार किया गया।अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्व.प्रकाश चंद अग्रवाल प्रिंस अग्रवाल प्रिंसू के पिता श्री थे।

## किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मप्र किसान सभा के अध्यक्ष जगदीश पटेल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मोदी सरकार द्वारा लगातार किसान मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर आमजन को बर्बादी की ओर धकेला जा रहा है। सरकार लगातार कार्पोरेट पूंजीपतियों के पक्ष में अग्रसर है जो शासकीय उपक्रमों को कौड़ियों के भाव बेचकर निजीकरण कर रही है जिससे मजदूरों का शोषण करेंगे।

सरकार तीन काले कृषि कानूनों को लाई थी जिसका देश के किसानों ने दिल्ली की बार्डर को लगातार 13 महीने से अधिक समय तक घेरते हुए 700से अधिक किसानों की शहादत के बाद मोदी सरकार को बिल वापिस लेने मजबूर किया गया , उस समय मोदी सरकार ने ष्ट 2+50के आधार पर एम एस पीएवं एम एस पी की गारंटी सहित अन्य मांगो को पूरा करने लिखित आश्वासन दिया गया था लेकिन सरकार मुकर गई, मोदी सरकार भूमि अधिग्रहण बिल, बिजली बिल, स्मार्ट मीटर, 34 श्रम संहिताओं को खत्म कर चार श्रमिक कोड जिसमें कार्पोरेट पूंजीपतियों का हित साधा जाकर मजदूर के हड़ताल करने यहां तक की कोर्ट में जाने के तक अधिकार छीन लिए गए हैं।

मोदी सरकार लगातार किसान और मजदूर के खून पसीने को पूंजीपतियों के द्वारा चूसने का रास्ता बना रही है जिसे 9जुलाई को देश का मेहनतकश किसान और मजदूर मिलकर रास्ता एवं रेल रोककर जाम करते हुए सरकार को जनविरोधी कानून वापिस लेने बाध्य करेगा।मध्य प्रदेश किसान सभा गाडरवारा द्वारा राष्ट्रीय मांगो के अलावा स्थानीय सवालों को लेकर शक्ति धाम चौक पलोटन गंज पर एकत्रित होकर एस डी एम कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपेगा।

मप्र किसान सभा के अध्यक्ष जगदीश पटेल, महासचिव करणसिंह अहिरवार, वरिष्ठ नेता एन एस पटेल, उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, लीलाधर वर्मा, सहसचिव नरेंद्र वर्मा, तुलसीराम श्रीवास, रामसिंह वर्मा कोषाध्यक्ष लालसहब वर्मा, एड एल एन वर्मा, राजेंद्र राजपूत आदि ने शामिल होने की अपील की है।

## शिक्षा के नवाचार के लिए सम्मानित हुए अखिलेश

**चौरई, देशबन्धु ।** शिक्षा में स्कूल के बच्चों को पढ़ने मे ज्यादा मन लगे उसके लिए बच्चों को मनोरंजन के साथ खेल खेल से पढ़े सीखे इसके लिए पढ़ाई के लिए नये नये नवाचार कर बच्चों को शिक्षा देते है अखिलेश सर जिनकी सराहना टीवी चैनल और अनेक न्यूज़ पेपर कर चुके है सोशल मिडिया मे भी सर की बहुत सराहना होती हैं ।




इसी कड़ी मे अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला छिंदवाड़ा द्वारा अखिलेश निर्मलकर सर को शिक्षा मे नवाचार के लिए सम्मानित किया गया ।

प्रतिभा सम्मान मे 10वीं, 12वीं मे अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया ।

इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय धोबी महासंघ द्वारा किया गया जिसने अभिषेक रजक जी,रमेश बाथरी , महादेव मालवी, बसंत मालवी धीरज मालवी , नीलू निर्मलकर प्रमिला रजक सतीश मालवी और अन्य सामाजिक बंधु और बच्चें अभिभावक उपस्थित रहे ।

## गाय की दुर्दशा देख स्वयं के खर्चे से करवाया गोशाला निर्माण

**चौरई ,देशबन्धु ।** हिंदू धर्म में पूजनीय गौमाता की क्षेत्र में हर तरफ दुर्दशा देखने को मिल रही है तो वही आज के वक्त में भी गौसेवक मौजूद है । इस बात को बरेलीपार के सुमित रघुवंशी ने साबित कर दिया ।



गो माता से ही कराया गोशाला का उद्घाटन

दरअसल विगत दिनों गौमाता की दशा सुधारने सुमित ने संकल्प लिया कि वे जल्द ही स्वयं के खर्चे से गौशाला का निर्माण करवाएंगे एवं गौमाता की सेवा करेंगे। ,जिसके चलते रविवार को महीनों से निर्माणधीन गौशाला का कार्य पूर्ण होने के पश्चात गौमाता से ही गौशाला का उद्घाटन करवाया एवं बताया कि अभी सिर्फ तेंदनी में ही गौशाला का निर्माण हुआ है एवं क्षेत्र में जिस ग्राम में भी गौशाला की आवश्यकता होगी ,गौशाला का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी गौसेवकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

## केवलारी के सहायक ग्रेड-दो कर्मचारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के ग्रेच्युटी राशि सहित अन्य लंबित स्वत्वों को भुगतान की लापरवाही को लेकर तिलवारा बाईं तट नहर संभाग केवलारी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 धमेन्द्र सौंधिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय केवलारी नियत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा विगत जन सुनवाई में अपने स्वत्वों के भुगतान न होने की शिकायत की गई थी, जिस पर संबंधित सहायक ग्रेड-2 द्वारा अनावश्यक देरी किया जाने पाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई।

## हिमांशु काकड़े बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

**लोधीखेड़ा, देशबध्यु।** ग्रामीण क्षेत्र ब्राम्हण पिपला निवासी हिमांशु रमेश काकड़े ने प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। हिमांशु की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

हिमांशु ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बोरगांव स्थित लिटिल स्टेप स्कूल से प्राप्त की थी, वहीं उच्च शिक्षा एवं सीए की कठिन तैयारी उन्होंने नागपुर में रहकर पूरी की। कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और लगन के साथ उन्होंने चार्टर्ड



अकाउंटेंसी जैसी कठिन परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर दिखाया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी बड़ी ऊँचाइयाँ छू सकते हैं।

अपनी सफलता का श्रेय हिमांशु ने अपने पिता रमेश काकड़े (शिक्षक) माता मंदा काकड़े, गुरुजनों, माता-पिता, परिवारजनों और अपने मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन व प्रोत्साहन से यह सफलता संभव हो सकी है। हिमांशु की सफलता पर चाचा सुनील काकड़े, परिजनों, मित्रों और ग्रामवासियों ने बधाइयां प्रेषित की।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 09 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र-मूल।**

मेष - आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे। आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए बहुत अच्छा योग है।

वृषभ - आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा। खुशी में समय व्यतीत होगा। तन-मन से प्रसन्नता अनुभव करेंगे।

मिथुन - अधूरे कामों को पूरा करने के लिए अच्छा समय है। आपके परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण होगा। अपने काम में यश एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे। लोगों के साथ संपर्क के दौरान स्वभाव को शांत रखना आवश्यक है।

कर्क - आज आपका दिन चिंता और भय से भरा रहेगा। शारीरिक और मानसिक तकलीफ भी रहेगी। नए काम के आरंभ के लिए दिन अनुकूल नहीं है। अचानक कोई खर्चा हो सकता है। क-233-224

सिंह - आज का दिन शुभ फलदायी नहीं है। घर में वाद-विवाद का वातावरण रहेगा। आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मन किसी चिंता में रहेगा। नेगेटिव विचार आपको परेशान करेंगे।।

कन्या - आज आपको किसी भी काम में बिना सोचे-समझे भाग नहीं लेना है। साथियों के साथ अच्छी तरह से समय गुजरेगा। भावनात्मक संबंधों में आप नरम रहेंगे। मित्रों एवं स्वजनों से भेंट होगी। भाई-बहनों से लाभ होगा।

तुला - आज मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोधावेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होंगे। अनावश्यक खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन में ग्लानि रहेगी। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें।

वृश्चिक - आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोपहर के बाद तन और मन की प्रसन्नता रहेगी। सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद-उल्लास में समय व्यतीत होगा। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलने से मन खुश होगा।

धनु - आज अपनी बोली पर संयम रखें। आपको किसी बात पर गुस्सा भी आ सकता है। इससे किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। मानसिक रूप से चिंता सताएगी। दुर्घटना से सावधान रहें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

मकर - सामाजिक कामों से आपको लाभ होगा। मित्रों तथा सम्बंधियों के साथ हुई भेंट आपके लिए लाभदायी सिद्ध हो सकती है। विवाहोत्सुक जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा।

कुंभ - आज आपका दिन अनुकूल है। आप का हर काम सरलता से पूरा होगा, जिस वजह से आप प्रसन्न रहेंगे। कार्यालय और व्यापार में अनुकूल परिस्थिति का वातावरण रहेगा। बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

मीन - मन में व्याकुलता एवं अशांति का अहसास बना रहेगा। शारीरिक रूप से आपको थकान का अनुभव होगा। अधिकारियों के साथ संभलकर चलें। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मॉ-223-177

1,4,5,7,10,44,55,92,29,01,54,99

## शांतिपूर्वक मनाया गया मोहर्रम पर्व

**छपारा, देशबन्धु।** इस्लामी नया साल मोहर्रम का पर्व त्यौहार नवासा ए रसूल इमामे हुसैन व करबला वालों की याद में 27 जून से शुरू होकर 6 जुलाई को यौमे अशूरा मनाया गया , जगह-जगह पर लंगर,शरबत वितरण किया गया।

6 जुलाई यौमे आशूरा के मौके पर शहर की मस्जिदों में इमामे हुसैन के नाम से मिलाद ख्वानी व दुरूद ख्वानी की गई जिसमें शहर के उलेमा किराम व बाहर से उलमा इकराम ने उपस्थित पेश की है।



इस मौके पर हाफिज नूर मोहम्मद अशरफी साहब इमाम मदीना मस्जिद छपारा ने बताया की हज़रत इमाम हुसैन रदीय्यलाहु अन्हु 10 मुहर्रम 61 हिजरी को कर्बला (इराक़) के मैदान में यज़ीदी फौजी के मुकाबले में हक की खातिर लड़ते हुए शहीद हो गये,आपने जुल्म व जब्र के सामने झुकने से इनकार करके सब्रो इस्तेकामत की लाजवाब मिसाल कायम की है।

इमाम हुसैन की यह कुर्बानी दुनिया वालों को यह पैगाम देती है की जालिम के सामने कभी झुकें न बल्कि ज़ुल्म के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने हक की लड़ाई लड़ते रहें,और इस मोके पर जामा मस्जिद, ईदगाह बड़ी मस्जिद, मदीना मस्जिद,छोटी मस्जिद और नई मस्जिद छपारा में लंगर व शरबत तक्सीम किया गया और देशवासियों के लिए अमन व सलामती की दुआ की गई।

## केयर 32 डेंटल क्लीनिक एवं इम्प्लांट सेंटर का शुभारंभ

**सौसर, देशबन्धु।** गत दिनों सौसर नगरपालिका के पूर्व पार्षद राजीव जायस्वाल के पुत्र डॉक्टर वैभव जायस्वाल(बीडीएस, एमडीएस)ने नागपुर मे मनीष नगर में प्लाट नंबर 111माँ वैष्णवी गंगा काम्प्लेक्स महाराजा टाइल्स के पास मे अपना केयर 32 डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ किया ।



जिसका उदघाटन जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन पर्व पर 27 जून 2025 को दिन शुक्रवार को पश्चिम नागपुर के आमदार विकास ठाकरे, पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन नानाभाऊ मोहोड़, ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता युवराज जिचकार, डॉ. पराग जोशी, विष्णु इंगले, नगर पालिका सौसर के उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, संजय रेवनाथ चौरे, इंन्द्रचंद डागा, वरिष्ठ पत्रकार आर. एस. वर्मा, राष्ट्रीय जायसवाल महासभा के उपाध्यक्ष धीरज जायसवाल, अंकुर जायसवाल, किशोर जायसवाल, पार्षद रविशंकर धुर्वे, विजय आमले, सुनील बोबडे, विवेक रोकडे, प्रकाश आप्पा मानेकर, दिनेश राठी, अजय पराडकर, पंकज राठी, जकाऊल्ला खान, अधिवक्ता दिनेश भकने, राघवेंद्र केदार, मनोज बाविस्टाले एवं जायस्वाल परिवार, मित्र मंडल की उपस्थिति मे किया गया। याद रहे पुर्व में डॉ. वैभव जायसवाल छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में मेडिकल आफिसर के पद पर अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं।

डॉक्टर वैभव जायस्वाल ने अपने क्लिनिक के शुभारम्भ तक के सफर मे सबसे बड़ा सहयोगी ,गुरुजन एवं अपने माता पिता को माना है।